मूल्य 1 रु.
वर्ष: 10 - अंक : 24, मुंबई, शुक्रवार, 20 मार्च, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

## मुंबई में 16 एसी...
# लोकल ट्रेनें आज से बंद



### राज्य में युद्ध जैसे हालात: उद्धव

कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य के नाम एक संदेश जारी कर कहा कि राज्य में युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। लड़ाई में जैसे सायरन बजने पर हम घरों में छिप जाते थे, वैसे ही हमें अब अपने घरों में रहना है। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है इस बिमारी से निपटने के लिए, लेकिन आपको भी सरकार का सहियोग करना चाहिए। उद्धव ने यह भी कहा कि इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की है और उन्होंने हर संभव मदद का वादा भी किया है।

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने गुरुवार को बताया कि राज्य में 49 मरीज कोरोना से पीड़ित हैं। पिछले 12 घंटे में राज्य में 7 नए मामले सामने आये हैं। टोपे के मुताबिक, 49 में से 40 लोग विदेश से भारत आये हैं। राज्य में अब तक सिर्फ एक मौत 17 तारीख को हुई है। टोपे ने बताया कि अब तक राज्य में 958 लोगों की जांच हुई, जिसमें से 913 केस नेगेटिव आये हैं। अभी भी कुछ लोगों की जांच रिपोर्ट आनी है। कोरोनावायरस के फैलाव को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने मुंबई में 16 एसी लोकल ट्रेनों को बंद करने का फैसला किया है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## डब्बावालों ने भी सर्विस की ठप



**सीएम के आदेश के बाद सरकारी दफ्तरों में 50 प्रतिशत कर्मचारी ही उपस्थित होंगे**

### मुंबई में मंदिरों में बाद चर्च भी बंद

कोरोना को देखते हुए सिद्धिविनायक मंदिर की पहल के बाद मुंबई के माहिम के चर्च में भी प्रार्थना सभा का आयोजन 31 मार्च तक नहीं होगा।

**खुले में थूकने वालों से वसूला एक लाख रुपए जुर्माना, खुले में थूकने वालों से वसूला एक लाख रुपए जुर्माना, मुंबई में शराब की दुकानें बंद**




### कोरोनावायरस: 31 मार्च तक खाड़ी देशों से मुंबई आने वाले हैं 26 हजार लोग

(समाचार पृष्ठ 5 पर)

## पूरी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही: मोदी

### हम संकल्प लें कि खुद संक्रमित होने से बचेंगे और दूसरों का भी ध्यान रखेंगे




**संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोनावायरस को लेकर देश को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया इस महामारी की चपेट में है। मुझे देशवासियों से एक हफ्ते का वक्त चाहिए। हम कोरोना से बच गए, ये सोचना अभी ठीक नहीं है। इससे पहले मोदी ने बुधवार को वायरस की रोकथाम को लेकर देश में किए जा रहे कामों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ट्वीट कर बताया कि बैठक में संक्रमण रोकने की तैयारियां मजबूत करने और जांच सुविधाओं का विस्तार करने पर चर्चा हुई।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## कोरोना वायरस से बचने की दवाई देने वाले डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज



**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर में एक डॉक्टर के खिलाफ कोरोना वायरस से बचने की दवाई देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आयुर्वेद एमडी, डॉक्टर सरवर राजे खान ने वसई शहर में अपनी क्लीनिक के बाहर कथित तौर पर कोरोना वायरस 'फ्लू' से बचने की दवाई उपलब्ध होने का बोर्ड लगाया था। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### चिकन-अंडे को लेकर अफवाह फैलाने के दो आरोपी अरेस्ट

**मुंबई।** 'चिकन-अंडा खाने से कोरोना वायरस फैलता है।' सोशल मीडिया पर इस तरह की अफवाह फैलाने वाले दो लोगों को सायबर पुलिस ने हवालात में भेज दिया है। एक आरोपी उत्तर प्रदेश और दूसरा आंध्र प्रदेश का है। राज्य के पशु संवर्धन मंत्री सुनील केदार ने बताया कि कोरोना के संबंध में अफवाह फैलाने वालों को सरकार माफ नहीं करेगी। उन्हें जेल भेजने से पीछे नहीं हटेगी। बेहतर होगा कि कोरोना के बारे अफवाह फैलाने से बचें।

दोनों की गिरफ्तारी के बारे में मंत्री ने बताया कि सायबर पुलिस की इस कार्रवाई से पोल्ट्री बिजनस करने वाले किसानों को राहत मिलेगी। उन्होंने स्वीकार किया कि फेसबुक, वॉट्सऐप, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया पर कुक्कुट मांस और अंडे को लेकर तरह-तरह की अफवाह फैलाई जा रही है। ऐसी अफवाहों से कुक्कुट पालन करने और कुक्कुट खाद्य बनाने वालों के व्यवसाय को नुकसान पहुंच रहा है। इसके मद्देनजर मोबाइल फोन पर अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पशु संवर्धन मंत्री ने कहा कि कुक्कुट उत्पादन द्वारा कोरोना वायरस नहीं हो सकता। इसके लिए लोगों को भी सतर्क रहना चाहिए। केदार ने बताया कि कोरोना वायरस से लड़ाई लड़ने के लिए सरकार और आम जनता तैयार है, लेकिन कुछ लोग बिना किसी जानकारी के कुछ भी मेसेज सोशल मीडिया पर वायरल रह रहे हैं।

### कोरोना के डर से गरीब रथ से उतारे गए चार यात्री

**मुंबई।** कोरोना वायरस के असर को रोकने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। खासतौर पर एयरपोर्ट और रेलवे पर भरपूर सावधानी बरती जा रही है। बुधवार को मुंबई से दिल्ली जाने वाली ट्रेन क्रमांक 12216 गरीब रथ एक्सप्रेस के G4 और G5 कोच से 4 यात्रियों को वायरस से संक्रमित होने के शक में उतारा गया। ये चारों यात्री मुंबई से सूरत जा रहे थे। इनके हाथ पर संक्रमण के प्रसार को बचाने के लिए स्टैंप लगाया हुआ था। टीटीई ने यह देखकर कंट्रोल रूम को सूचित कर दिया। चारों यात्रियों को पालघर में उतारकर सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। चारों यात्री जर्मनी से मुंबई आए थे। एयरपोर्ट पर चेकिंग के बाद उनके हाथ पर स्टैंप लगाकर उन्हें 14 दिनों तक घर में ही रहने की हिदायत दी गई थी। इससे पहले, मंगलवार को भी मांडवी एक्सप्रेस से आ रहे दो विदेशी नागरिकों को दादर स्टेशन पर उतारकर जांच के लिए अस्पताल भेजा गया था।

### प्राइवेट लैब को टेस्ट की मंजूरी लेनी होगी

**मुंबई।** पुणे में समीक्षा बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री टोपे ने बताया, राज्य में प्राइवेट लैब्स को कोरोना टेस्ट की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए प्राइवेट लैब वालों को अनुमति लेनी होगी और सभी सुविधाएं उन्हें ही मुहैया करानी होंगी। उन्हें जांच की फीस ज्यादा लेने की अनुमति नहीं मिलेगी। भारत सरकार 10 लाख नए किट्स खरीद रही है। बुधवार को महाराष्ट्र में चार नए मरीजों के आने से कोरोना से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण की 32 वर्षीय एक महिला पुणे में मिली हैं। वह नीदरलैंड से दुबई के रास्ते पुणे में आईं। एक मरीज फिलीपींस, सिंगापुर, कोलंबो से यात्रा करते हुए पिंपरी-चिंचवड आया था। कोरोना वायरस के असर को रोकने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। खासतौर पर एयरपोर्ट और रेलवे पर भरपूर सावधानी बरती जा रही है। इनके हाथ पर संक्रमण के प्रसार को बचाने के लिए स्टैंप लगाया हुआ था।

# कोरोना का खौफः महाराष्ट्र में मची खलबली, मरीजों की संख्या 47, जिंदादिल मुंबई हुई सूनी

**मुंबई।** भारत में कोरोना पॉजिटिव की संख्या बढ़कर 181 हो गई है, तो वहीं इसके सबसे ज्यादा केस महाराष्ट्र से सामने आ रहे हैं। बुधवार को 4 नए मरीजों के साथ महाराष्ट्र में कोरोना पॉजिटिव की संख्या 45 हो गई है। इनमें भी पुणे और मुंबई में स्थिति काफी संवेदनशील है। मुंबई में मंगलवार को कोरोना संक्रमित एक 64 वर्षीय बुजुर्ग की मौत भी हो गई। महाराष्ट्र सरकार और स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है। बैठकों का दौर जारी है और हर स्तर से कोरोना को फैलने से रोकने के इंतजाम किया जा रहा है।



मुंबई नगर निकाय ने गुरुवार से 31 मार्च तक खाड़ी देशों जैसे संयुक्त अरब अमीरत, कुवैत, कतर और ओमान से आने वाले करीब 26 हजार भारतीयों के लिए क्वरेंटीन की व्यवस्था कर ली है। इन भारतीयों को 14 दिन के लिए क्वरेंटीन किया जाएगा। बीएमसी के अनुसार, 31 मार्च तक 26 हजार लोगों के इन देशों से मुंबई लौटने का अनुमान है। इन सभी यात्रियों की जानकारी सेंटर से प्राप्त कर ली गई है। इन देशों से हर रोज 23 फ्लाइट्स मुंबई आ रही हैं। पिछले दिनों मुंबई में जिस बुजुर्ग की मौत हुई वह भी दुबई से ही लौटे थे।

कोरोना के चलते मुंबई के कई हर वक्त गुलजार रहने वाले इलाकों में अब गिनती के लोग ही नजर आ रहे हैं। क्रॉफर्ड मार्केट, दादर फूल मार्केट, शिवाजी पार्क और चर्चगेट स्टेशन से हॉकर्स भी गायब हो गए हैं। वहीं लोकल ट्रेन और मेट्रो स्टेशनों पर भी ऑफिस टाइम को छोड़कर भीड़ कम ही नजर आ रही है।

कोरोना के प्रकोप से बचने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कई फैसले किए हैं। इसमें दफ्तरों में सरकारी कर्मचारियों की मौजूदगी 50 प्रतिशत किए जाने से लेकर दुकानों के समय में बदलाव किया गया है।

इस बारे में लोकल कॉर्पोरेशनों को समय तय करने का अधिकार दिया गया है। बीएमसी ने देर रात सर्कुलर जारी करके दुकानों को एक दिन खुला और एक दिन बंद रखने का आदेश दिया है।

## कोरोना का खौफः घर जाने की जल्दी में दिखाई दिए मेट्रो यात्री

**मुंबई।** घाटकोपर-वसोर्वा के बीच चलने वाली मेट्रो -1 के यात्रियों में मंगलवार दोपहर से ही घर जाने की जल्दी दिखाई दी। मुंबई में मंगलवार को पहले कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति की मौत की खबर और लोकल ट्रेन और मेट्रो ट्रेन बंद होने की आशंका के बीच लोगों में जल्द से जल्द घर पहुंचने की कोशिश दिखाई दी। हालांकि वेस्टर्न, सेंट्रल और मेट्रो ने तत्काल ट्वीट कर सेवाएं सामान्य होने की बात कही, इसके बावजूद लोगों में यह डर दिखाया दिया कि यदि सेवाएं बंद हो गईं, तो वह अटक जाएंगे। लोगों में घर जाने की इतनी जल्दी थी कि वसोर्वा से घाटकोपर जाने वाली मेट्रो ट्रेन अंधेरी स्टेशन पर आधी से ज्यादा खाली हो जा रही थी। वहीं लोगों में घाटकोपर पहुंच कर सेंट्रल की लोकल पकड़ने का उतावलापन दिखाई दिया।

वसोर्वा से घाटकोपर जा रहे रामनरेश यादव ने कहा कि सभी लोग कोरोना से डर गए हैं। दोपहर में लोकल ट्रेन बंद होने की खबर टीवी पर चली तो ऑफिस ने तुरंत घर जाने की छुट्टी दे दी। यादव ने बताया कि दोपहर में मेट्रो अक्सर खाली रहती है, लेकिन आज ज्यादा भीड़ दिखाई दे रही है।



वहीं घाटकोपर से अंधेरी आ रहे दीपक जाधव ने भी कमोवेश वही स्थिति बताई। जाधव ने बताया कि हमें ऑफिस से निर्देश दिया गया है कि यदि जरूरी हो तभी कार्यालय आएं, नहीं तो बाहर से काम करें। अंधेरी में मेट्रो टिकट खिड़की पर टिकट के लिए लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलती थीं, अब वहां लोगों की संख्या काफी कम हो गई है।

## बांद्रा फ्लैट में लगी आग में युवती की मौत, अन्य महिला गंभीर रूप से घायल



**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा में बृहस्पतिवार सुबह आवासीय इमारत के एक फ्लैट में लगी आग में 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। नगरपालिका के एक अधिकारी ने बताया कि यह फ्लैट सी स्प्रिंग इमारत की छठी मंजिल पर है। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे लगी आग पर अब काबू पा लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह इमारत बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बंगले के सामने स्थित है।

# 'चाय पर चर्चा' के दौरान बताई करोड़पति बनने की तरकीब, चायवाले से लूट ले गए 9 लाख रुपये

**मुंबई।** 'चाय पर चर्चा' घरों, ऑफिस, दुकानों और ठेलों पर होती ही रहती है लेकिन तीन ठगों ने एक चाय वाले को उसकी चाय पी-पीकर 9 लाख रुपये की चपत लगा दी। यह चाय वाला मुंबई के वरली में छोटी-सी टपरी पर चाय बेचता है। कुछ दिनों पहले उसके पास सलीम खान, मोहम्मद शरीफ अंसारी और करीम सैय्यद नामक तीन लोग चाय पीने के बहाने आए।

बातों- बातों में तीनों ने उससे पूछ लिया कि तुम कितना कमाते हो? जवाब में उसने कहा कि दिन भर में 500 से 600 रुपये। इस पर तीनों ने उसे सलाह दी कि वह सिर्फ 50 हजार रुपये एक केमिकल बनाने में निवेश करे। उसे उसके पांच लाख रुपये तक मिल सकते हैं। बाद में उसका यह प्रयोग हिट हो गया, तो वह करोड़पति तक बन सकता है। चाय वाले ने यह रकम तीनों ठगों को दे दी। तीनों ठगों ने उसके सामने कोई केमिकल बनाया। फिर तांबे का एक बड़ा सा कटोरा उसके सामने रखा और कहा कि हम इस कटोरे में केमिकल डालेंगे। बाहर कुछ मीटर दूर चावल रखेंगे। चावल यदि कटोरे के पास आ गया तो मानकर चलो कि केमिकल एकदम बढ़िया बन गया है। हकीकत में उन्होंने उस कटोरे में बाहर मैगनेट लगा रखा था और चावल में केमिकल लगा दिया था। इस वजह से चावल कटोरे के पास छिटक कर चिपक गया। चाय वाला खुश हो गया। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि वह इअफउ के वैज्ञानिकों को बुलाएंगे और उन्हें यह केमिकल दिखाएंगे। अगर उन्होंने इसे ओके कर दिया, तो वे लोग एक सर्टिफिकेट देंगे। उस सर्टिफिकेट को दिखाकर हम इसे कर्नाटक में एक कंपनी को बेचेंगे, जिसका पूरी दुनिया में नेटवर्क फैला हुआ है लेकिन इसके लिए तुम्हें एक झोपड़ी में कुछ घंटे के लिए किराए पर घर लेना होगा। वहां वैज्ञानिक इस पर टेस्ट करेंगे। ठगों ने कहा कि वैज्ञानिकों के लिए अलग से चाय वाले को रकम देनी होगी। चायवाले ने यह बात भी मान ली। कुल मिलाकर उसने अलग-अलग किस्तों में करीब नौ लाख रुपये दे दिए लेकिन जब उसे बनाए गए या बताए गए केमिकल पर कोई भी रकम नहीं मिली।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## भीमा कोरेगांव हिंसा के कारण क्या?

# 4 अप्रैल को शरद पवार से खुद पूछेगा जांच आयोग

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भीमा कोरेगांव हिंसा की जांच कर रहे कमीशन ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। कमीशन की ओर से भेजे गए नोटिस में पवार को 4 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा गया है। माना जा रहा है कि भीमा कोरेगांव में हुई हिंसा के मामले में जांच आयोग के सदस्य पवार से कई बिंदुओं पर पूछताछ कर सकते हैं।

इससे पहले महाराष्ट्र के एक सामाजिक संगठन ने जांच आयोग के सदस्यों से शरद पवार को तलब करने की मांग की थी। सामाजिक समूह विवेक विचार मंच के



सदस्यों ने जांच आयोग को एक अनुरोध पत्र देते हुए कहा था कि 18 फरवरी को अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद पवार ने भीमा कोरेगांव की हिंसा को लेकर तमाम बातें कही थीं। इस दौरान उन्होंने पुणे के पुलिस कमिश्नर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाया था। ऐसे में इन तमाम विषयों पर पवार से पूछताछ की आवश्यकता है।

याचिकाकर्ता संगठन ने यह भी कहा था कि भीमा कोरेगांव के केस में पवार से व्यक्तिगत रूप में गवाही देने और उनके पास मौजूद जानकारियों को उपलब्ध कराने के लिए निजी रूप से तलब किया जाना चाहिए। इस याचिका के कुछ वक्त बाद ही अब जांच आयोग ने पवार को नोटिस जारी किया है।

पुणे के पास भीमा कोरेगांव इलाके में हुई हिंसा की जांच के लिए बने इस जांच आयोग का गठन 1 जनवरी 2018 को किया गया था।

जस्टिस जे.एन. पटेल आयोग के अध्यक्ष और सुमित मुलिक आयोग के सदस्य हैं। 5 सितंबर 2018 से इस आयोग ने काम शुरू किया था। अब भी इस हिंसा की जांच जारी है और आयोग को अपनी जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपना बाकी है।

## कोरोना: मुंबई में खुले में थूका तो 1 हजार जुमार्ना, 1 दिन में वसूले 1.11 लाख

**मुंबई।** कोरोना वायरस के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए बीएमसी ने साफ-सफाई पर जोर लगा दिया है। मुंबई में सार्वजानिक स्थानों पर थूकने वालों से बीएमसी ने 1,000 रुपये जुमार्ना वसूलना शुरू कर दिया है। इसके लिए मार्शलों को खास तौर सतर्क रहने का आदेश दिया गया है। बीएमसी ने बीते एक दिन में 111 लोगों से एक लाख 11 हजार रुपये जुमार्ना वसूला।

बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी ने कहा, 'भीड़भाड़ वाले स्थानों पर थूकने से बीमारी फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसीलिए इसे रोकने के कड़े उपाय किए जा रहे हैं।' उन्होंने बताया, 'पहले सार्वजानिक स्थानों पर थूकने वाले 200 रुपये जुमार्ना वसूल किया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है।' उनका मानना है कि जुमार्ना बढ़ाने से लोग खुले में थूकने से बचेंगे। बुधवार शाम तक 111 लोगों से एक लाख 11 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।

मुंबई में दुकानें खोलने और बंद होने का समय तय करने का अधिकार बीएमसी को दिया गया है। सरकार ने दुकानदारों से अपील की है कि वे दुकानों के खोलने और बंद करने का समय




खुद ही तय करें, ताकि भीड़ से बचा जा सके। इसके लिए यह उदाहरण दिया गया है कि अगर कोई दुकानदार सुबह के वक्त दुकान खोलता है, तो शाम के वक्त बंद रखे। इस बारे में फैसला उसे खुद करना है। दुकानदार एक दिन दुकान खोलकर दूसरे दिन बंद भी रख सकता है। मेडिकल स्टोर, दूध, खाद्य पदार्थ, सब्जी, किराना की दुकानों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

## 50% करो कर्मचारियों की संख्या, नहीं तो कार्रवाई: बीएमसी

**मुंबई।** कमिश्नर ने प्राइवेट कंपनियों को चेतावनी दी है कि यदि कार्यालय में कर्मचारियों की संख्या 50 प्रतिशत तक कम नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में पहले ही कंपनियों को सूचित किया जा चुका है।

गुरुवार से मुंबई में बीएमसी अधिकारी कंपनियों का दौरा कर जांच करेंगे कि वहां नियमों का पालन हो रहा है या नहीं। यदि कोई कंपनी नियमों का उल्लंघन करते पाई गई, तो उसके खिलाफ





दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। महानगर में भीड़ कम करने के लिए बीएमसी ने अनधिकृत फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें फुटपाथों की खाने-पीने वाली दुकानें भी शामिल हैं। बीएमसी ने बुधवार को दक्षिण मुंबई स्थित एयर इंडिया के पास की दुकानों को बंद करा दिया। साथ ही चर्चगेट के सामने की भी खाने-पीने की दुकानों को बंद करवा दिया। ऐसी ही कार्रवाई अन्य स्थानों पर भी हुई। बीएमसी ने बुधवार को दक्षिण मुंबई, मध्य मुंबई, पश्चिमी उपनगर और पूर्वी उपनगर में कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर फेरीवालों को सड़कों से हटाया। बीएमसी का कहना है कि इसका मकसद महानगर में भीड़ काम करना है। कमिश्नर ने कहा कि भीड़भाड़ वाली सड़कों पर सिर्फ 50 प्रतिशत दुकानों को खुला रखा जाएगा। बीएमसी कमिश्नर ने बताया कि मध्य-पूर्व देशों से कुछ यात्री भारत आए हैं। उन्हें लोगों से अलग रखने का आदेश केंद्र सरकार ने दिया है, इसकी तैयारी भी जारी है।

## महाराष्ट्र: बेटे की हत्या के आरोप में रिटायर कॉन्स्टेबल गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में उपनगर पवई के गणेश नगर क्षेत्र में 61 साल के एक रिटायर्ड कॉन्स्टेबल ने घरेलू झगड़े के चलते कथित तौर पर अपने पुत्र की हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सोमवार रात को किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद गुलाब गलांडे ने अपने बेटे हरीश (40) पर हंसिया से हमला किया। घटना के बाद पवई पुलिस ने गलांडे को गिरफ्तार कर लिया।

मृतक राजकीय रेलवे पुलिस में कांस्टेबल के पद पर अंधेरी में तैनात था और उसकी हत्या का आरोपी पिता मुंबई पुलिस में 15 साल सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुआ था। घटना के वक्त आरोपी एक निर्माण कंपनी में सुरक्षा विभाग में काम कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि गलांडे के बेटे को शराब पीने की लत थी जिसको



लेकर अक्सर दोनों में झगड़ा होता था।

घटना वाले दिन हरीश शराब पीकर घर आया था और उसके पिता के साथ उसका झगड़ा हुआ था जिसके बाद आरोपी ने हरीश पर हंसिये से हमला किया। हरीश को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी पर आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## नालासोपारा की युवती से बेंगलुरु में बलात्कार

**नालासोपारा।** मुंबई के नालासोपारा इलाके में रहने वाली युवती के साथ बेंगलुरु में रेप का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि उसकी कंपनी के एक शख्स ने ही होटल में उसके साथ रेप किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है हालांकि अभी उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। तुलिंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र के ओसवाल नगरी इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसकी कंपनी के एक युवक ने उसके साथ बैंगलुरु स्थित एक होटल में बलात्कार किया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धारा 376, 328, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ओसवाल नगरी निवासी 22 वर्षीय युवती ने बताया कि वह बेंगलुरु स्थित शेडोफैक्स नामक कंपनी में काम करती है।

## कोरोना: खाड़ी देशों से आएंगे 26 हजार भारतीय, मुंबई में रखने की हो रही तैयारी

**मुंबई।** देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 150 पार कर गई है। वहीं, महाराष्ट्र में कोविड-19 के सबसे ज्यादा 45 मरीज मिले हैं। इस बीच मुंबई नगरपालिका उन 26 हजार लोगों के ठहरने का इंतजाम करने में जुटी है जो आज से 31 मार्च तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत और ओमान जैसे खाड़ी देशों से वतन वापस आने वाले हैं।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के मुताबिक, इन देशों से हर दिन 23 फ्लाइट मुंबई पहुंचती है। केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार, यूएई, कुवैत, कतर और ओमान से आने वाले सभी यात्रियों को 14 दिनों तक क्वारंटाइन में रखना अनिवार्य है। यह आदेश 18 मार्च से लागू हुआ है।

चूंकि दुबई से आने वाले महाराष्ट्र के 15 लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है, इसलिए बीएमसी ने अपने इंजीनियरों के लिए पोवई में एक नवनिर्मित ट्रेनिंग सेंटर को क्वारंटाइन सेंटर में तब्दील कर दिया है। इसके अलावा, मरोल में सेवन हिल्स हॉस्पिटल में आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था है। पोवई वाले क्वारंटाइन सेंटर में कई कॉन्फ्रेंस रूम हैं जहां कुछ सौ बेड लगाए जा चुके हैं और काफी जगह बची हुई है। नगरपालिका अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

खाड़ी देशों से ज्यादातर भारतीय यहां इस महीने का आखिर तक पहुंचेंगे। अधिकारियों की मानें तो इनमें ज्यादातर लोग मध्य पूर्व के देशों में बड़े पदों पर काम करते हैं। योजना के उन लोगों को कई श्रेणियों में बांट दिया जाएगा। जो लोग स्वस्थ होंगे और जिनका मुंबई में घर होगा, उन्हें जाने दिया जाएगा। लेकिन, उन्हें अपने-अपने घरों में खुद को दूसरों से अलग ही रहना होगा।

जो लोग पुणे, नासिक जैसे मुंबई के नजदीकी इलाकों से होंगे और उनमें संक्रमण की बेहद कम आशंका होगी, उन्हें भी घर जाने की अनुमति होगी। हालांकि, उन्हें सार्वजनिक परिवहन का सहारा नहीं लेने दिया जाएगा।

# कोरोनावायरस: 31 मार्च तक खाड़ी देशों से मुंबई आने वाले हैं 26 हजार लोग

## कई जगह हुआ क्वारंटाइन सेंटर का निर्माण




**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य में 47 मरीज कोरोना से पीड़ित हैं। गुरुवार को दो नए मामले मुंबई और उल्हासनगर से सामने आये हैं। कोरोनावायरस के संक्रमण को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। स्कूल-कॉलेज को बंद करने से लेकर सरकारी कर्मचारियों की संख्या 50 प्रतिशत तक के कदम उठाए गए हैं। इस बीच राज्य सरकार पर आने वाले समय में एक बड़ी चुनौती सामने आने वाली है। 19 मार्च से 31 मार्च तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत और ओमान जैसे खाड़ी देशों से तकरीबन 26 हजार लोग मुंबई आने वाले हैं। इन सभी को 14 दिनों तक क्वारंटाइन में रखना अनिवार्य है। महाराष्ट्र में अब तक दुबई से आने वाले 16 लोगों में कोरोनावायरस की पुष्टि हो चुकी है। इसलिए खाड़ी देशों से आने वाले लोगों के लिए बीएमसी ने पवई में एक नवनिर्मित इंजीनियरिंग ट्रेनिंग सेंटर को क्वारंटाइन सेंटर में बदल दिया है। इसके अलावा, मरोल में सेवन हिल्स हॉस्पिटल में आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था है। पोवई वाले क्वारंटाइन सेंटर में कई कॉन्फ्रेंस रूम हैं जहां कुछ सौ बेड लगाए जा चुके हैं और काफी जगह बची हुई है। नगरपालिका अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

**मीरा-भाईंदर में भी बनेगा 100 क्वारंटाइन कक्ष:** कोरोना वायरस से बचाव के लिए मीरा-भाईंदर महानगरपालिका 100 बेड का क्वारंटाइन कक्ष बनाएगी। ये कक्ष भाईंदर पूर्व के इंद्रलोक क्षेत्र में बनाए जाएंगे। मीरा-भाईंदर महानगरपालिका (एमबीएमसी) आयुक्त चंद्रकांत डांगे ने बताया कि अब तक मीरा-भाईंदर में 85 संदिग्धों की पहचान हुई है, जिनमें से 25 संदिग्धों की रिपोर्ट निगेटिव आ चुकी है। आयुक्त ने बताया कि अब भी 60 लोगों को घर में ही रहने (होम क्वारंटाइन) किया गया है।


**क्वारंटाइन कक्ष में होंगी सारी सुविधाएं:** आयुक्त ने बताया कि क्वारंटाइन कक्ष में सभी प्रकार की जरूरी सुविधाएं होंगी। उन्होंने बताया कि यहां कोरोना के संदिग्धों के लिए टीवी, मैगजीन, न्यूजपेपर और 24 घंटे डॉक्टर की व्यवस्था रहेगी। इस दौरान होने वाला सारा खर्च प्रशासन वहन करेगा।

# शाहरुख खान के बंगले के पास बिल्डिंग में लगी आग

## ब्रिटिश युवती की मौत, एक अन्य की हालत गंभीर

संवाददाता

**मुंबई।** गुरुवार सुबह बांद्रा के बैंडस्टैंड इलाके में एक इमारत में भीषण आग लग गई। इसमें एक ब्रिटिश युवती की मृत्यु हुई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। यह आग सुबह 7 बजे के आसपास लगी थी। दमकल विभाग ने तकरीबन 4 घंटे के प्रयास



के प्रयास के बाद इसपर काबू पा लिया है। जिस इमारत में आग लगी है वह अभिनेता शाहरुख खान के बंगले के पास है। दमकल विभाग के मुताबिक- बैंडस्टैंड में स्थित सी स्प्रिंग बिल्डिंग के 6वें फ्लोर पर आग लगी थी। इसमें एक 20 साल की युवती की मृत्य हो गई है। वह 90 प्रतिशत से ज्यादा जल चुकी थी। फ़्लैट में मौजूद एक अन्य 38 वर्षीय महिला गंभीर रूप से जलने के बाद भाभा हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती है। मरने वाली महिला ब्रिटिश नागरिक थी और घायल की पहचान उसके घर में काम करने वाली महिला के तौर पर हुई है। आग के कारणों का पता नहीं चला है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### मुंबई में 16 एसी लोकल ट्रेनें आज से बंद

ट्रांस हार्बर रूट पर चलने वाली ये ट्रेनें 20 से 31 मार्च तक बंद रहेंगी। कोरोना के चलते मुंबई के 5000 डब्बावालों ने अपने काम को 31 मार्च तक ब्रेक दिया है। डब्बावाला एसोसिएशन की ओर से बताया गया कि वे एक अप्रैल से फिर से डब्बा सप्लाई की सर्विस को शुरू करेंगे। ये मुंबई में 60 किलोमीटर के दायरे में प्रतिदिन 2 लाख लोगों को टिफिन की सप्लाई करते थे। सीएम ठाकरे ने बताया कि सरकार ने दुकानदारों से अपील की है कि वे दुकानें के खोलने और बंद करने का समय खुद ही तय करें, ताकि भीड़ से बचा जा सके। इसके लिए यह उदाहरण दिया गया है कि अगर कोई दुकानदार सुबह के वक्त दुकान खोलता है, तो शाम के वक्त बंद रखे। इस बारे में फैसला उसे खुद करना है। दुकानदार एक दिन दुकान खोलकर दूसरे दिन बंद भी रख सकता है। मेडिकल स्टोर, दूध, खाद्य पदार्थ, सब्जी, किराना की दुकानों पर यह नियम लागू नहीं होगा। कोरोनावायरस के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए बीएमसी ने मुंबई और पीएमसी ने पुणे में सार्वजानिक स्थानों पर थूकने वालों से 1,000 रुपये जुर्माना वसूलना शुरू किया है। इसके लिए मार्शलों को खासतौर पर सतर्क रहने का आदेश दिया गया है। बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी ने कहा- भीड़भाड़ वाले स्थानों पर थूकने से बीमारी फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। सिर्फ मुंबई में एक दिन में यानि बुधवार शाम तक एक लाख 11 रुपए से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया है। पुणे में समीक्षा बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री टोपे ने बताया, राज्य में प्राइवेट लैब्स को कोरोना टेस्ट की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए प्राइवेट लैब वालों को अनुमति लेनी होगी और सभी सुविधाएं उन्हें ही मुहैया करानी होंगी। उन्हें जांच की फीस ज्यादा लेने की अनुमति नहीं मिलेगी। भारत सरकार 10 लाख नए किट्स खरीद रही है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव चलते जिलाधिकारी ने मंगलवार को पुलिस व मनपा अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिलेभर में शराब की दुकानें व बार-रेस्ट्रॉन्ट बंद करने का आदेश जारी किया। बुधवार सुबह पुलिस ने नायगांव, वसई, नालासोपारा व विरार में वाइन शॉप व बार संचालकों को बंद करने नोटिस दिया। यहां हर रोज शाम को खासी भीड़ देखी जाती है। जबकि सरकार ने भीड़ इकट्ठी न करने की अपील की है।

### कोरोना वायरस से बचने की दवाई...

वालीव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि क्योंकि विज्ञापन भ्रमित करने वाला था इसलिए उसके खिलाफ भादंवि की धारा 188 और कोरोना वायरस के इलाज को लेकर अफवाह फैलाने के मामले में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर ने वायरस के संबंध में अफवाह फैलाने और भ्रामक जानकारी देने के खिलाफ आदेश भी जारी किया है। खान ने कथित तौर पर एक बोर्ड लगाया था, जिस पर लिखा था ह्यद्रोकथाम इलाज से बेहतर है, कोरोना फ्लू से बचने की दवाई उपलब्ध है।

### पूरी दुनिया संकट के दौर से गुजर रही: मोदी

प्रधानमंत्री ने संक्रमण रोकने में लगे राज्य सरकारों, डॉक्टर्स, पैरामेडिकल कर्मचारियों, पैरामिलिट्री फोर्स और एविएशन क्षेत्र, नगरपालिका कर्मचारियों और इस काम में जुटे सभी लोगों का आभार प्रकट किया। उन्होंने संक्रमण से लड़ने में आम लोगों, स्थानीय समुदायों और संगठनों को शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों से आगे उठाए जाने वाले कदमों पर सोचने को कहा। देश में अभी तक कोरोनावायरस संक्रमितों की संख्या 171 हो गई है। बुधवार को एक दिन में ही 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बुधवार को 28 नए मामले सामने आए। एक दिन में सामने आए संक्रमण के केसों की यह सबसे ज्यादा संख्या है। पश्चिम-बंगाल और पुडुचेरी में नए मामले सामने आए। मोदी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को अपनी बहन के विदेश से लौटने पर उनका नाम सरकारी पोर्टल पर रजिस्टर कराने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया- आप एक अच्छा उदाहरण पेश कर रहे हैं। उम्मीद करता हूं कि बाकी लोग भी नवीन बाबू का अनुसरण करेंगे। हम सभी कोविड-19 का संक्रमण रोकने के लिए कुछ कर सकते हैं। पटनायक ने ट्वीट कर विदेश से लौटी बहन की सारी जानकारी सरकारी पोर्टल पर अपलोड करने की जानकारी दी थी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की थी कि वे विदेश से लौटें अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों की जानकारी इसी तरह दर्ज करवाएं।









# कोरोना की रफ्तार

## पिछले 5 दिन में देश में कोरोनावायरस के केस दोगुना बढ़े

## यही रफ्तार रही तो कुछ दिनों में यूरोपीय देशों जैसे हो सकते हैं हालात

**संवाददाता**


**देश** में कोरोनावायरस के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। बुधवार यानी 18 मार्च को 24 घंटे में कोरोना के 30 मामले सामने आए। यह देश में एक दिन में कोरोना के आए सबसे ज्यादा केस हैं। 17 मार्च को एक दिन में 20 केस सामने आए थे। 16 मार्च को 11 केस आए थे। पिछले पांच दिन के अंदर देश में कोरोना के मामले दोगुना से ज्यादा बढ़े हैं। 13 मार्च को देश में कुल 83 कोरोना केस थे, 18 मार्च को यह संख्या बढ़कर 170 हो गई। इटली, फ्रांस, स्पेन, जर्मनी, नार्वे, स्विट्जरलैंड और अमेरिका में शुरू कोरोनावायरस की रफ्तार भारत जैसी ही थी, बाद में यह रफ्तार 10 गुना तक बढ़ गई। विशेषज्ञों का कहना है कि यहां शुरू में सोशल डिस्टेंशिंग नहीं बढ़ाने से कोरोना के केस हर तीसरे-चौथे दिन दोगुना हो गए। ऐसी स्थिति भारत में भी संभव है, क्योंकि देश में 3 मार्च से लेकर 18 मार्च के बीच कोरोना के 164 नए मामले सामने आए हैं। इसके बावजूद अभी तक किसी भी राज्य में लॉकडाउन नहीं किया गया है। डॉक्टरों का मानना है कि कोरोनावायरस को फैलने से रोकने के लिए पहला सबसे जरूरी काम लोगों के बीच दूरी (सोशल डिस्टेंशिंग) बढ़ाना है। ताकि लोग एक-दूसरे के संपर्क में कम से कम आएं। इससे कोरोना का ट्रांसमिशन कम होता है। पद्मश्री, पूर्व आईएमए चीफ और हार्ट केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि कोरोनावायरस से बचाव का सबसे बेहतरीन तरीका है, खुद को 15 दिन के लिए घर में आइसोलेट कर लेना। भीड़भाड़ इलाकों में न जाना। ऐसे वक्त में हर किसी को यह देखना चाहिए, उसके आसपास कोई खांस और छींक तो नहीं रहा है। यदि ऐसा कोई कर रहा है तो उसे टोकिए। जिस तरह नो स्मोकिंग जोन होता है, उसी तरह आपको अपने आसपा नो कॉफ (खांसी) जोन बनाना होगा। यदि देश में कोरोना के मामले और बढ़ते हैं तो सरकार के सामने लॉकडाउन ही आखिरी विकल्प होगा। लॉकडाउन में 100 में से 90 लोग खुद-ब-खुद ठीक हो जाएंगे।



# कोरोना पर बेतुका बयान

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कोरोना से बचाव पर कहा- धूप सेंकने का ध्यान रखें, सभी तरह के वायरस खत्म होंगे

**केंद्रीय** स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने दावा किया है कि सूर्य की किरणें सभी वायरस खत्म कर देती है। गुरुवार को संसद परिसर में कोरोनावायरस से निपटने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक धूप ज्यादा होती है। 10-15 मिनट ही क्यों न हों सब लोग अगर धूप सेंकते हैं तो उससे लाभ होगा। इससे विटामिन डी मिलता है और इम्युनिटी भी बढ़ती है। साथ ही सभी तरह के वायरस खत्म होते हैं। इसलिए सभी को धूप सेंकना चाहिए। देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 150 से ज्यादा हो चुकी है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश में 3 और चंडीगढ़, कर्नाटक में 1-1 मामले की पुष्टि हुई। ब्रिटेन चंड़ीगढ़ लौटी 23 वर्षीय लड़की की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। ऐसे में सरकार संक्रमण की रोकथाम के लिए हर संभव कदम उठा रही है। 17 मार्च को मुंबई के एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने गो-कोरोना, गो-कोरोना के नारे लगाए थे। अठावले के इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें जमकर ट्रोल किया।



### चौबे पहले भी बयानों के कारण सुर्खियों में रहे

अश्विनी चौबे अपने बयानों को लेकर पहले भी सुर्खियों में रहे हैं। दिसंबर 2019 में प्याज की कीमत 100 से 120 रु. तक पहुंच गई थी। चौबे से जब इस बारे में सवाल पूछ गया तो उन्होंने कहा था, मैं शाकाहारी हूं। मैंने कभी प्याज नहीं चखा। जब मैंने कभी प्याज खाया ही नहीं तो प्याज का रेट क्या मालूम होगा?

# मॉडल यावर मिर्जा और इंटरनेशनल मॉडल जॉर्जिया एंड्रिआना एक साथ म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे

**अब** वो दिन गए जब मॉडल सिर्फ फैशन शो में वॉक करते थे। आजकल मॉडल फिल्म में काम करते हैं, म्यूजिक वीडियो में नजर आते हैं। ऐसे ही एक सुपरमॉडल हैं यावर मिर्जा जो अपनी पहली म्यूजिक वीडियो करने जा रहे हैं जिसका नाम है हबीबी। मध्य प्रदेश के एक छोटे से शहर के रहनेवाले यावर मिर्जा कहते हैं की मुझे पढाई लिखाई में थोड़ा भी मन नहीं लगता था ,मुझे सिर्फ मॉडलिंग में मजा आता था। जब मैं मुंबई आया तो मुझे लगा की मुझे एक दो महीने में टीवी सीरियल में काम मिल जायेगा पर ऐसा हुआ नहीं। मैंने ऑडिशन दिया और साथ ही अपने बॉडी पे ध्यान दिया। फिर मैंने मॉडलिंग शुरू की मुंबई में। मैंने सबसे पहले टाटा डोकोमो का एड किया फिर एक शर्ट का प्रिंट शूट किया। उसके बाद मुझे बहुत से एड मिलने लगे। बाद में मुझे लिबास के रियाज और रेशमा गांगजी ने अपने ब्रांड के लिए मॉडल साइन किया जहाँ से मुझे पहचान मिलने लगी। हाल ही में हुए बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में वाक किया। मैंने अभी अपना पहला म्यूजिक वीडियो साइन किया है हबीबी जिसकी पूरी शूटिंग दुबई में होगी। इस वीडियो का निर्माण टी वाई एफ प्रोडक्शंस कर रही है और इसके निर्देशक हैं जानेमाने अमन प्रजापत। इस गीत को गाया है नक्काश अजीज ने और संगीत दिया है कौसर जमोत ने। इस वीडियो में इंटरनेशनल मॉडल जॉर्जिया एंड्रिआना नजर आएँगी अरबाज खान की गर्लफ्रेंड हैं। रुचिका महेश्वरी इस सिंगल सांग की इ पी और सह निर्माता हैं। कोरोना वायरस की वजह से शूटिंग अप्रैल में होगी और रिलीज मई में होगा।



## निर्भया केस: फांसी से एक दिन पहले दोषी विनय की मां बोलीं...

# बेटे को आखिरी बार अपने हाथ की बनी पूड़ी-सब्जी और कचौड़ी खिलाना चाहती हूं

**निर्भया** के गुनहगार विनय शर्मा की मां ने फांसी से पहले बेटे को अपने हाथ की बनी पूड़ी-सब्जी और कचौड़ी खिलाने की इच्छा जताई है। विनय समेत निर्भया के चारों दोषियों को शुक्रवार सुबह 5:30 बजे तिहाड़ जेल में फांसी दी जानी है। सुप्रीम कोर्ट ने 14 जनवरी को विनय की क्यूरेटिव पिटीशन खारिज कर दी थी। वहीं, फरवरी में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उसकी दया याचिका भी ठुकरा दी थी। इस मामले के चारों दोषियों के सभी कानूनी विकल्प खत्म हो चुके हैं। न्यूज एजेंसी के रिपोर्टर ने दक्षिणी दिल्ली के रविदास नगर में विनय के घर पहुंचकर उसकी मां से बात की। दरवाजे पर दस्तक देते ही विनय की मां ने कहा, कौन हो तुम? घर में कोई नहीं है। मेरे पति काम पर गए हैं। मैं विनय की मां हूं। विनय की मां अपना नाम नहीं बतातीं। कई साल से वह यही सुन रही है कि बेटा घिनौने अपराध में दोषी है। मीडिया के सवालों से निपटने के लिए वह चाहती हैं कि कोई उनका नाम न पूछे और उन्हें केवल विनय की मां के रूप में ही जाना जाए।

# एमपी में 16 दिन के ड्रामे में नया मोड़

## विधानसभा में फ्लोर टेस्ट आज, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बागी विधायक आना चाहें तो कर्नाटक-एमपी के डीजीपी सुरक्षा दें



**संवाददाता**

**सुप्रीम कोर्ट** ने मध्य प्रदेश विधानसभा के स्पीकर एनपी प्रजापति को फ्लोर टेस्ट के लिए आज विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया शाम 5 बजे तक पूरी करने को कहा है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूण की बेंच ने पूरी प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीमिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग कराने के आदेश भी दिए। कोर्ट ने कहा कि बहुमत का फैसला विधायकों के हाथ उठवाकर कराया जाए। कोर्ट ने आदेश दिया कि कल विधानसभा की कार्यवाही का एकमात्र एजेंडा बहुमत परीक्षण कराना ही हो। वहीं बेंच में शामिल जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कहा- अगर बागी विधायक विधानसभा आना चाहें, तो कर्नाटक और मध्य प्रदेश के डीजीपी उन्हें सुरक्षा दें। कोर्ट ने विधानसभा के प्रमुख सचिव को जरूरी इंतजाम करने के आदेश दिए। इससे पहले, भाजपा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने लगातार दूसरे दिन सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने स्पीकर एनपी प्रजापति से पूछा, क्या वे वीडियो लिंक के जरिए बागी विधायकों से बात कर सकते हैं और फिर उनके बारे में फैसला कर सकते हैं? इस पर स्पीकर की तरफ से पेश वकील अभिषेक सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- नहीं, ऐसा संभव नहीं है। स्पीकर को मिले विशेषाधिकार को सुप्रीम कोर्ट भी नहीं हटा सकता। स्पीकर ने 16 बागी विधायकों के इस्तीफों पर फैसला लेने के लिए 2 हफ्ते का वक्त मांगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि इतना समय देना सोने की खदान जैसा होगा, इससे हॉर्स ट्रेडिंग बढ़ेगी।

# कोरोनावायरस से देश में चौथी मौत

## जर्मनी से लौटे बुजुर्ग ने पंजाब में दम तोड़ा, अधिकारियों की निगरानी में अंतिम संस्कार कराया गया

**पंजाब** में बुधवार को कोरोनावायरस से 70 साल के बुजुर्ग बलदेव सिंह की मौत हो गई। इसके बाद देश में कोरोनावायरस से मरने वालों का आंकड़ा चार पर पहुंच गया है। 12 दिन पहले बलदेव सिंह जर्मनी और इटली से लौटे थे। बलदेव नवांशहर के पठलावा गांव के रहने वाले थे। सिविल अस्पताल बंगा की एसएमओ कविता शर्मा ने बताया कि बलदेव सिंह को पहले से दिल की बीमारी थी। विदेश से लौटे जिन लोगों की निगरानी की जा रही थी,



बलदेव का नाम भी इसी लिस्ट में था। 11 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की, लेकिन तब तक उनमें कोरोना जैसे लक्षण नहीं थे। 18 मार्च को सुबह 6 बजे दिल में दर्द की शिकायत हुई तो परिजन उन्हें सिविल अस्पताल ले गए। आधे घंटे बाद ही उनकी मौत हो गई। बलदेव की जानकारी स्वास्थ्य विभाग की ओर से अफसरों को दी गई। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने शव से सैंपल लिए और उसे टेस्ट के लिए भेजा। इसमें कोरोनावायरस की पुष्टि हो गई।

**पठलावा गांव को लॉक डाउन किया गया:** कोरोना संक्रमण से बुजुर्ग की मौत के बाद पठलावा गांव को लॉक डाउन कर दिया गया है। गांव के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई है। प्रशासन ने ग्रामीणों से घरों में ही रहने को कहा है। वहीं, बुजुर्ग के परिवार के सदस्यों को भी हॉस्पिटल ले जाया गया है। उन सभी को आईसोलेशन वार्ड में निगरानी में रखा गया है। हेल्थ विभाग की टीम अब यहां पता कर रही है कि जर्मनी से लौटने के बाद बुजुर्ग कहां-कहां गया था। गांव के जो लोग बुजुर्ग के संपर्क में आए थे, उनका भी पता किया जा रहा है। उन सभी की जांच की जाएगी।

# कहां से आया कोरोना?

## चीन ने कहा- वुहान में पहला संक्रमित मिला, इसका मतलब यह नहीं कि वायरस यहीं से पनपा है

**दुनियाभर** में फैले कोरोनावायरस के संक्रमण के बीच अमेरिका और चीन एक दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अमेरिका ने इसे 'वुहान वायरस' बताया तो चीन ने कहा है कि अमेरिकी सेना के एजेंट इस वायरस को वुहान लाए हैं। गुरुवार को चीन ने कहा कि वुहान में वायरस का संक्रमण पहले फैलने का यह मतलब नहीं है कि वायरस यहीं से पैदा हुआ। चीन के रेस्पिरेटरी स्पेशलिस्ट (श्वसन रोग विशेषज्ञ) झोंग नानशान ने कहा, 2009 में मैक्सिको से एच1एन1 फ्लू फैला था तो क्या इसे 'मैक्सिको वायरस' कह दें। या फिर 2012 में सऊदी अरब से मर्स फैला था। इस तरह से इसे भी 'सऊदी अरब का वायरस' कहना चाहिए, लेकिन हम ऐसा नहीं कह सकते। यह वायरस किसी तरह से पनपे और फैल गए, इसमें किसी का हाथ नहीं है। उन्होंने कहा, कोविड-19 को 'वुहान वायरस' नहीं कहा जा सकता। इसकी अभी तक वैज्ञानिक तौर पर पुष्टि भी नहीं हुई है। हो सकता है कि जहां कोविड-19 वायरस पैदा हुआ हो वहां उसका संक्रमण फैला ही न हो। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन की ओर से गाइडलाइन जारी कर बताया गया है कि कुछ उपायों से वायरस को खत्म किया जा सकता है। पहला उपाय अल्ट्रावायलेट (यूवी) रेडिएशन है। यूवी रेडिएशन में इस वायरस को खत्म करने की क्षमता होती है, लेकिन यूवी लैंप का इस्तेमाल हाथ और किसी भी जगह की त्वचा पर नहीं करना चाहिए। रेडिएशन की वजह से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। इसके साथ ही अगर वायरस को 30 मिनट तक 56 डिग्री सेल्सियस के तापमान में रखा जाए तो इसे निष्क्रिय किया जा सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सरकार के 3 साल पर बोले सीएम योगी– सुशासन के मंत्र के साथ हर क्षेत्र में यूपी नंबर वन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि राज्य में उनकी सरकार विकास, विश्वास और सुशासन के तीन साल पूरे करने जा रही है और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा उनका संबल बनी रही। उट योगी ने सरकार का तीन साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि यूपी हर क्षेत्र में नंबर वन रहा है।

आदित्यनाथ ने राज्य में बीजेपी सरकार के तीन साल पूरे होने पर कहा कि उन्होंने कानून व्यवस्था को सुधारते हुए और पटरी से उतर चुके विकास कार्यों को बहाल करते हुए सुशासन के घोषित लक्ष्यों को पूरा करने में सफलता प्राप्त की है। योगी ने बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए कहा, 'पिछले तीन साल में बीजेपी सरकार ने लोगों की धारणा बदली है। हम राज्य को प्रगति की ओर ले गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की



प्रेरणा हमारा संबल बनी रही।

सीएम ने कहा, '3 साल में यूपी हर क्षेत्र में बना नंबर वन। सभी सरकारी योजनाओं में हर क्षेत्र में रहा सबसे आगे। 30 लाख गरीबों को मिला घर, 1 लाख 67 हजार गांवों का विद्युतीकरण हुआ। लंबित पड़ी 18 सिंचाई परियोजनाओं की शुरूआत हुई। 25 लाख अतिरिक्त भूमि की सिंचाई हुई। 3 से बढ़कर 7 हुई एयरपोर्ट की संख्या, जेवर एयरपोर्ट विकास की नई परिभाषा तय कर रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगे 3 एक्सप्रेसवे। इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे।'

कोरोना वायरस पर सीएम ने कहा, 'युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, 'कोरोना की वजह से सभी सार्वजनिक कार्यक्रम स्थगित किए गए हैं, अप्रैल के पहले हफ्ते तक बहाल करने की कोशिश की जा रही है।' इसी के साथ इंसेफेलाइटिस के मामलों में 70 से 75 फीसदी तक की कमी आई है। प्रदेश के हर जिले में एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध। मातृ मृत्यु दर में काफी कमी आई है।'

सीएम ने कहा, 'तीन साल में कानून व्यवस्था बेहतर हुई है और राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ तथा व्यापक पैमाने पर अपराधों में कमी हुई है। डकैती के मामलों में 60 फीसदी कमी आई है, हत्या के मामलों में 21 फीसदी की कमी आई है और बलात्कार के मामले भी अपेक्षाकृत कम हुए हैं।' मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में एक लाख 37 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है।

योगी ने आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश में कुंभ का सफल आयोजन किया गया, जिसमें करीब 25 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा राज्य में प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन कर एक नया मानक स्थापित किया गया और लोकसभा चुनाव बिना किसी हिंसा के सकुशल संपन्न हुए।

## अनिल चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने सादे समारोह में बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा और अजय माकन के अलावा नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष और कई दिग्गज कांग्रेसी नेता मौजूद थे। कोरोना वायरस को देखते हुए इस अवसर पर कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली अब तक की सबसे करारी हार के बाद सुभाष चोपड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा स्वीकार करने के बाद पार्टी ने अनिल चौधरी को यह दायित्व सौंपने का फैसला किया था। चौधरी ने सुबह मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रदेश कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार संभालने के बाद चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर पार्टी को बूथ लेवल पर मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस में सबको काम और सबको सम्मान मिलेगा।



कोरोना वायरस का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसी महामारी को देखते हुए ही सादा समारोह किया गया। कार्यक्रम में जिन नेताओं ने भी हिस्सा लिया, उनके हाथ भी एहतियात के तौर पर हाथ न सिर्फ सैनिटाइज किए गए बल्कि उन्हें मास्क भी दिए गए।

**बड़ी चुनौतियां :** युवा नेता के रूप में पहचान रखने वाले अनिल चौधरी के लिए सबसे बड़ी चुनौती पार्टी को एकजुट करने और फिर से खड़ा करने की होगी। इसकी वजह यह है कि 2015 विधानसभा चुनाव में जहां पार्टी का वोट प्रतिशत दस फीसदी था, वहीं इस बार गिरकर आधा रह गया है। इस तरह से पार्टी के अधिकांश उम्मीदवारों की जमानत ही जब्त हो गई।

## ऑस्ट्रेलिया से लौटे शख्स की आपबीती - 'मेरे अकेलेपन से परिवार बचता है तो मैं अकेला ही ठीक हूं'

**नई दिल्ली।** चीन से शुरू हुआ कोरोना वायरस (कोविड-19) का संक्रमण पूरी दुनिया में फैल चुका है। दुनिया भर के देश अपने-अपने हिसाब से इस संक्रमण को फैलने से रोकने की कोशिश में जुटे हैं। भारत सरकार भी इसके लिए तमाम कोशिश कर रही है। संक्रमण को देखते हुए भारत सरकार विदेश से लौटने वाले लोगों के साथ एहतियात बरत रही है। उनपर निगरानी रखी जा रही है। कोरोना के संक्रमण के बीच विदेश से लौटने वाले लोग कैसी जिंदगी गुजर बसर कर रहे हैं इसे समझने के लिए हमने ऑस्ट्रेलिया से कानपुर लौटे वैभव सिंघल नामक शख्स से बात की।

वैभव 17 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया गए थे और 04 मार्च को मुंबई लौटे। वहां से वह कानपुर अपने घर आ गए हैं। इन दिनों उन्होंने खुद को अपने को घर के एक कमरे में कैद कर लिया है। कानपुर के जवाहर नगर में रह रहे वैभव ने बताया कि उनकी फ्लाइट मुंबई वाया सिंगापुर टू पर्थ के लिए थी। सिंगापुर एयरपोर्ट पर उनकी सघन जांच हुई थी। जब वह ऑस्ट्रेलिया में पहुंचे तो एयरपोर्ट पर उनसे फिजिकल फिटनेस का सर्टिफिकेट मांगा गया, जो वह दिल्ली एम्स से लेकर गए थे। वैभव ने बताया कि जब वह ऑस्ट्रेलिया में गए थे तब तक कोरोना को लेकर उतनी बातें नहीं थी। एक-दो दिन बाद अचानक से वहां भी इसकी काफी चर्चा होने लगी। आईसीसी के ब्रॉडकास्टिंग टीम के मेम्बर वैभव ने बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया महिला विश्व कप कवर करने गए थे। कोरोना चर्चा शुरू होते ही स्टेडियम में सुरक्षा के कई उपाय शुरू हो गए थे। खास तौर से उनके जैसे दूसरे देशों से आए हुए लोगों की जांच भी की गई। टूर्नामेंट पूरी होने पर जब वह मुंबई लौटे तो उन्हें एयरपोर्ट पर रोका गया और उनकी अच्छे से जांच की गई। एयरपोर्ट पर उनसे उनके स्थाई और अस्थाई पते की डिटेल ली गई। उनसे पूछा गया कि इस टूर के दौरान वह किन-किन शहरों में गए। यहां वैभव को सख्त हिदायत दी गई कि वह घर जाकर लोगों से घुलेंगे-मिलेंगे नहीं। साथ ही कुछ दिन खुद को घरवालों से अलग रखेंगे। वैभव जैसे ही कानपुर पहुंचे उसके कुछ घंटे बाद ही नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उनके घर पहुंच गए। उन्होंने वैभव की पहले अच्छे से जांच की। उसके बाद पूरे घर का मुआयना करने के बाद छत पर बने एक कमरे में रहने की हिदायत दी। नगर निगम के कर्मचारियों ने वैभव को सख्त लहजे में कहा कि वह अगले 20 दिन घर के बाकी हिस्सों में नहीं जाएंगे।

## कोरोना के संदिग्ध मरीज ने 7वीं मंजिल से कूद कर दी जान



**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में भर्ती एक शख्स ने आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह अस्पताल की 7वीं मंजिल से नीचे कूद गए थे। उन्हें आईजीआई एयरपोर्ट से कोरोना के संदिग्ध मरीज होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस को इस बारे में बुधवार रात 9:39 पर कॉल मिली। मौके पर गई पुलिस ने देखा कि संदिग्ध मरीज के चक्कर में कोई उनके पास नहीं जा रहा था। खबर लिखे जाने तक मामले की जांच की जा रही थी। मृतक की उम्र 36 साल बताई गई है। इस बात की जांच भी की जाएगी कि अगर उन्हें कोरोना के शक में अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो फिर बाहर निकलने में कैसे कामयाब हुए। क्या कोई सिक्यॉरिटी नहीं थी।

## आइसोलेशन में रखे जाने पर कर्मचारियों को मिलेगी पेड लीव-यूपी सरकार

**लखनऊ।** कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक के बाद एक बड़े फैसले ले रही है। प्रदेश में बीजेपी सरकार के तीन साल पूरे होने के बाद की गई प्रेस वार्ता में सरकार की ओर से घोषणा की गई है कि होम क्वारंटाइन सरकारी कर्मचारियों को पेड लीव दी जाएगी।

सरकार के प्रवक्ता श्रीकांत शर्मा ने कहा कि होम क्वारंटाइन या आइसोलेशन में रखे गए कर्मचारियों को सरकार पेड लीव की सुविधा देगी। इससे पहले मंगलवार को सरकार ने दिहाड़ी मजदूरों के लिए बड़ा ऐलान करते हुए कहा था कि उनके भरण-पोषण के लिए निश्चित धनराशि



मुहैया करवाई जाएगी।

इससे पहले सीएम आदित्यनाथ ने कहा था कि प्रदेश में कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों का मुफ्त में जांच और इलाज कराया जाएगा। इस जांच और इलाज में जो भी खर्च होगा, उसे राज्य सरकार वहन करेगी। साथ ही सरकारी कर्मचारियों के इलाज के लिए लिए गए अवकाश के दौरान वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी।

सरकार के प्रवक्ता श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्राइवेट संस्थानों को सलाह दी है कि वे अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की इजाजत दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा, 'अगर कोई कर्मचारी होम क्वारंटाइन या आइसोलेशन में रखा जाता है तो उसे पूरी सैलरी भी दी जानी चाहिए।'

# भीषण सर्दी में भी नहीं जमता है भारत के इस झील के एक हिस्से का पानी

भीषण सर्दी में भी नहीं जमता है भारत के इस झील के एक हिस्से का पानीभारत के नॉर्थ ईस्ट में स्थित राज्य सिक्किम प्रकृति को नजदीक से देखने की चाह रखने वालों के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। राज्य की खूबसूरती को यहां स्थित एक खास झील बढ़ा देती है। हम बात कर रहे हैं गुरुडोंगमार झील की, जो हिमालय की गोद में स्थित सबसे उंचे झीलों में से एक है। यहां हम आपको इसी खूबसूरत झील के बारे में कुछ खास जानकारी दे रहे हैं। चलिए इस अद्भुत झील की सैर पर चलते हैं।



मन मोह लेगी लेक की खूबसूरती

वैसे तो पूरा सिक्किम ही टूरिस्ट्स का फेवरेट डेस्टिनेशन है, लेकिन राज्य के लाचेन में करीब 5,430 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुरुडोंगमार लेक की बात ही अलग है। इस लेक की खूबसूरती की जितनी तारीफ की जाए कम ही है। दूर-दूर तक फैला इसका नीला पानी और चारों तरफ घिरे पहाड़ इसे 'जन्नत' जैसा रूप देते हैं।

रुके थे गुरू नानकदेव जी

इस लेक को बौद्ध और सिख धर्म के मानने वाले पवित्र स्थल मानते हैं। माना जाता है कि जब गुरू नानकदेव जी तिब्बत जा रहे थे, तब वह यहां अपनी प्यास बुझाने के लिए रुके थे। अपनी छड़ी से उन्होंने यहां जमी बर्फ में छेद कर पानी पीने की कोशिश की थी और तभी से यहां लेक यानी झील बन गई।

बौद्ध गुरु की तपोस्थली

एक अन्य लोक कथा के अनुसार, जब बौद्ध गुरु पद्मसम्भवा तिब्बत की यात्रा पर जा रहे थे, तब उन्होंने इस झील को ही अपनी उपासना के लिए सबसे सही जगह के रूप में चुना था। भीषण सर्दी में भी इस झील का एक हिस्सा नहीं जमता है और पानी के रूप में ही रहता है।

कभी नहीं जमता एक हिस्सा

यह झील साल के साल भर जमा रहता था। यहां के लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पाता था। जब स्थानीय लोगों ने गुरु पद्मसम्भवा को अपनी समस्या बताई, तब उन्होंने झील के एक हिस्से में अपने हाथ रख दिए, जिसके बाद उस हिस्से का पानी कभी नहीं जमता। हालांकि उस हिस्से को छोड़कर झील का बाकी हिस्सा जमा रहता है।

सिर्फ भारतीय पर्यटक ही जा सकते हैं

गुरुडोंगमार लेक सिर्फ भारतीय पर्यटक ही जा सकते हैं, जबकि विदेशी पर्यटकों के लिए इस लेक का टूर सिर्फ चोपटा वैली तक ही सीमित है। पर्यटकों के रहने की व्यवस्था लाचेन में है, जोकि इस लेक से 68 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। लाचेन में रात गुजारने के बाद अगली दिन सुबह गुरुडोंगमार लेक की सैर के लिए निकला जा सकता है।

सुबह जल्द सैर के लिए निकलें

ध्यान रहे कि जितनी सुबह इस लेक की सैर के लिए निकलेंगे उतना ही अच्छा होगा क्योंकि ढलते दिन के साथ ही ऊंचाई पर मौसम खराब हो जाता है। ऊंचाई पर सांस लेने में भी दिक्कत हो सकती है, इसलिए पर्यटक लेक घूमने के बाद, जितना जल्दी हो सके, लाचेन वापस आ जाएं। गुरुडोंगमार लेक जाने के लिए आप सिक्किम का टूर पैकेज ले सकते हैं या फिर सिर्फ इसी लेक के लिए अलग से पैकेज की भी सुविधा ले सकते हैं।

सबसे पहले लाचेन पहुंचना होगा

गुरुडोंगमार लेक जाने के लिए सबसे पहले लाचेन जाना होगा क्योंकि रहने-खाने की व्यवस्था वहीं है। यहां से लेक की दूरी 3 या 4 किलोमीटर की है, जो आप या तो अपने पर्सनल वाहन या फिर किसी कैब या कार से भी तय कर सकते हैं।

पहुंचना बेहद आसान

गुरुडोंगमार लेक से सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन न्यू जलपाईगुड़ी है, जो भारत के सभी शहरों से कनेक्टेड है। वहीं यहां का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा सिलीगुड़ी के पास स्थित बागडोगरा है। बागडोगरा पहुंचकर बस या फिर कैब के जरिए लेक तक पहुंच सकते हैं। सकड़ मार्ग से भी आप काफी आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

गुरुडोंगमार लेक जाने का बेस्ट टाइम

गुरुडोंगमार लेक करीब 5,430 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जिसके कारण यह साल के ज्यादातर वक्त जमा ही रहता है। यहां जाने का सबसे सही टाइम अप्रैल से जुलाई के बीच का है। आप इस समय में अपना टूर प्लान कर सकते हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
नए अनुबंध की दिशा में सफलता मिलेगी। मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**सिंह**
पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

**धनु**
मन अज्ञात भय से ग्रसित रहेगा। छोटी-छोटी बातों में उत्तेजित होंगे। वाणी पर संयम रखें। संतान का सहयोग रहेगा।

**वृष**
आर्थिक योजना सार्थक होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या बहन के कारण तनाव मिल सकता है। जबकि उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**
व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाही खर्च से बचना चाहिए। धन हानि की आशंका है। स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा में जोखिम न उठाएं।

**मकर**
स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक योजना सार्थक होगी। मैत्री संबंध मधुर होंगे। दांपत्य जीवन सुखमय होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुला**
किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क**
आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रिश्तों में मधुरता आएगी लेकिन शिक्षा या संतान तनाव का कारण रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक**
उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। शाही खर्च से बचें। कोई ऐसी बात हो सकती है जो आपके हित में न हो। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

**मीन**
शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

# तेंदुए के लिए देवदूत बनकर आए वन्य अधिकारी, रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो वायरल

जाको राखे साइयां, मार सके न कोय। यह कहावत तब चरितार्थ होता है, जब विपदा की घड़ी में किसी को कोई मदद मिलती है। सोशल मीडिया पर एक तेंदुए के रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वन्य अधिकारी उस तेंदुए के लिए देवदूत बनकर आए।



इस वीडियो में ऐसा देखा जा रहा है कि कुएं में गिरे एक तेंदुए को वन्य अधिकारी देसी स्टाइल में रस्सी और खाट की मदद से बाहर निकालते हैं। वहीं, डरा सहमा तेंदुआ बाद में खाट पर रिलैक्स होकर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। जब तेंदुआ बाहर आता है तो वन्य अधिकारी वहां से हट जाते हैं, लेकिन वह कुछ वक्त के लिए वहां ठहरता है, जैसे वह बचाने वालों को शुक्रिया कहना चाहता हो। हालांकि, कुछ समय बाद वह वहां से जंगल की ओर चला जाता है।

यह घटना मध्यप्रदेश के शिवपुरी की है। जब एक तेंदुआ घुमते समय अचानक कुएं में गिर जाता है। सूचना पर वन्य विभाग के अधिकारी समय रहते वहां पहुंच जाते हैं और तेंदुए को सही सलामत बाहर निकाल लेते हैं।

इस वीडियो को भारतीय वन सेवा के अधिकारी प्रवीण कासवान ने सोशल मीडिया ट्विटर पर अपने अकाउंट से शेयर की है, जिसे अब तक 24 हजार से अधिक लोग देख चुके हैं और 3 हजार लोगों ने लाइक किया है। वहीं, 674 लोगों ने इसे रिट्वीट किया है, जबकि 62 लोगों ने कमेंट किए हैं, जिसमें उन्होंने वन्य विभाग और अधिकारियों की तारीफ की है।

# पार्टनर के बिगड़े मूड को रोमांटिक बना देंगे ये छोटे-छोटे टिप्स

***अक्सर महिलाएं सेक्स को लेकर अपनी भावनाएं प्रकट करने से शर्माती हैं और ऐसे में आपको ही शुरूआत करनी पड़ती है। ये जरूरी नहीं कि पार्टनर के मूड को रोमांटिक बनाने के लिए आप वही पुराने फंडे अपनाएं। आप कुछ ऐसे टिप्स भी आजमा सकते हैं जिससे वह आपसे अपनी इच्छाएं जाहिर करने में हिचकिचाएगी नहीं।***



**1.** जब भी आपकी पार्टनर किसी बात को लेकर कंफ्यूज हो तो सही फैसला लेने में उसकी मदद करें। अक्सर लड़कियां शॉपिंग करते समय ज्यादा कंफ्यूज रहती हैं, अगर ऐसे में आप उसकी मदद करेंगे तो वह आपसे खुश हो जाएगी।

**2.** जब भी उसकी तारीफ करें तो आपकी आंखों में एक अलग तरह की चमक होनी चाहिए। इससे उसे इस बात का एहससा होगा कि आप उसे वास्तव में बहुत प्यार करते हैं और आपकी आंखों की चमक देखकर वह आपको एक किस तो जरूर दे ही देगी।

**3.** लड़कियों को चश्मा लगाने वाले मर्द काफी पसंद आते हैं। चश्में किसी भी काम के लिए आपकी लगन को दर्शाते हैं। ऐसे में अगर आप किसी खास चीज को लेकर उससे बातें करेंगे तो वह आपका चश्मा उतारकर आपको किस जरूर करना चाहेगी।

**4.** सुनने में अजीब लगेगा लेकिन अगर वह कोई हंसी वाली बात बताए तो उस पर खुलकर हंसे। इससे वह आपकी ओर आकर्षित होगी और आपको गले से लगाना चाहेगी।

# ज्यादा बर्गर खाने वाली लड़कियों को होती है, भयानक बीमारी



ज्यादा बर्गर खाने वाली लड़कियों को होती है ये भयानक बीमारी, जानें इसके बारे मेंजो लड़कियां बर्गर, पिज्जा जैसे फास्ट फूड खाने की शौकीन हैं उनमें ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना अधिक होती है। ये बात एक नए शोध में सामने आई है। ये तो सभी जानते हैं कि ऐसी चीजें जिनमें शुगर, काबोर्हाइड्रेट की ज्यादा मात्रा होती है उन्हें खाने से कैंसर और दिल की बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। लेकिन इस शोध के मुताबिक किशोरावस्था में लड़कियों में स्तन ग्रंथियों का विकास होता है और ऐसे में ये चीजें उनकी सेहत पर उल्टा असर डालती हैं। इन्हें खाने से टीनएज लड़कियों में 45 की उम्र से पहले ब्रेस्ट कैंसर का खतरा है। इसके लिए उन्होंने लड़कियों को हरी -सब्जियां और हेल्दी खाना खाने की सलाह दी है। शोधकताओं के अनुसार, जो लड़कियां लंबे समय से फास्ट फूड खाते आ रही हैं उनमें मेनोपॉज से पहले ही ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि अलग-अलग लड़कियों में इसके अलग-अलग कारण भी हो सकते हैं। ये शोध लॉस-एंजेलिस की एक यूनिवर्सिटी में किया गया।

# नपुंसक बना देगा प्लास्टिक की बोतल में पानी पीना, संभल कर पिएं



प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीना लोगों को सबसे सस्ता और टिकाऊ काम लगता है। लेकिन ये आपके लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है आप सोच भी नहीं सकते। इस पर कई रिसर्च हुए हैं जिसमें ये बात सामने आई है कि ये शुगर, कैंसर जैसी कई खतरनाक बीमारियों का कारण बनता है।

न्यूयॉक यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने इसपर शोध भी किया। उसमें ये बात सामने आई है

कि प्लास्टिक की बोतलों में जो कैमिकल पाया जाता है वो हमारे हॉर्मोनल सिस्टम के लिए बहुत खतरनाक होता है। अमेरिका में 5000 से अधिक लोगों पर रिसर्च किया गया।

जब उनके यूरीन के सैंपल की जांच की गई तो ये बात सामने आई कि उसमें से अधिकतर लोग हॉर्मोनल समस्या से जूझ रहे थे जिसका कारण प्लास्टिक की बोतलों का हद से ज्यादा इस्तेमाल था।

आप ये जानकर भी चौंक जाएंगे कि ये आपकी सेक्स लाइफ को भी प्रभावित कर रहा है। महिला और पुरुष दोनों में ही ये नपुंसकता को बढ़ाता है और तो और ये काफी हद तक मोटापे के लिए भी जिम्मेदार होता है।

# नई-नई शादी हुई है तो भूलकर भी ना खाएं ये पांच चीजें, होगा बड़ा नुकसान

नई-नई शादी हुई है तो भूलकर भी ना खाएं ये पांच चीजें शादी के बाद नए-नवेले जोड़े अपनी थकान और कमजोरी दूर करने के लिए जमकर खाते हैं। लेकिन वे इस बात से अंजान होते हैं कि इन सब का उनकी सेहत पर क्या असर पड़ेगा। इसलिए अगर आपकी भी नई-नई शादी हुई है या होने वाली है तो इन चीजों से दूरी बनाएं।



**1. कॉफी**
कॉफी अधिक पीने से पुरुषों में कॉर्टिसोल नामक तनाव हॉर्मोन बनने लगता है। इसमें कैफीन होता है जिस वजह से हॉर्मोन का संतुलन बिगड़ने लगता है। इसलिए हो सके तो पुरुष अपनी शादी वाले दिन कॉफी पीने से बचें।

**2. चीज**
चीज में बहुत ज्यादा फैट होता है और ये पुरुषों को नुकसान पहुंचाता है। ये शरीर में जहरीले पदार्थों का निर्माण करता है। इसकी वजह से पुरुष और महिलाओं के एस्ट्रोजेन, प्रोजेस्टेरोन और टेस्टोस्टेरॉन जैसे सेक्स हॉर्मोन बनने रुक जाते हैं। चीज से बने खाने को देखकर जी तो ललचाता है लेकिन आपको इस पर कंट्रोल करना होगा।

**3. मिंट**
भले की मुंह की दुर्गंध से छुटकारा पाने के लिए आप मिंट खाते हैं लेकिन इससे मर्दों की कामवासना प्रभावित होती है। मिंट में मौजूद मेंथॉल की वजह से कामोत्तेजना में गिरावट आती है।

**4.कॉर्नफ्लैक्स**
अगर शादी की पहली रात को सुहाना बनाने की सोच रहे हैं तो आपको ये मालूम होना चाहिए कि इसे खाने से सेक्स लाइफ पर बुरा असर पड़ता है।

**5. सोडा**
अगर आप शादी के भारी भोजन के बाद सोडा पीते हैं तो ये आपकी सेक्स लाइफ पर बुरा असर डालता है।

# कोरोना वायरस: जुलाई-सितंबर में हो सकता है आईपीएल-13

**मुंबई।** महामारी घोषित किए गए कोरोना वायरस की वजह से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें संस्करण का आयोजन पहले ही 29 मार्च से 15 अप्रैल तक स्थगित हो गया है। इस टूर्नमेंट को कराने के लिए शनिवार को फ्रैंचाइजियों के मालिकों ने बीसीसीआई के अधिकारियों से मीटिंग की। मीटिंग में टूर्नमेंट को कराने के लिए प्लान-बी पर भी विचार किया गया।

हालांकि, प्लान-बी पर कोई सहमति नहीं बनी। प्लान-ए पर ही पूरा फोकस है। मतलब टूर्नमेंट पूरा 60 मैचों का कराया जाएगा। यहां पॉसिबल नहीं है तो बाहर, अभी नहीं तो बाद में, लेकिन होगा पूरा आयोजन। आईसीसी का फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) यानी क्रिकेट का कैलेंडर देखा जाए तो जुलाई और सितंबर में आईपीएल कराया जा सकता है। एशिया कप टी-20 का




आयोजन अरब अमीरात की मेजबानी में सितंबर में होना है। दूसरी ओर, इस दौरान इंग्लैंड पाकिस्तान की मेजबानी करेगा।

इंग्लैंड-पाकिस्तान को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान (आखिरी के 3 देश एशिया कप खेलेंगे) के शेड्यूल पर नजर डाली जाए तो वे अधिक व्यस्त नहीं हैं। भारत को एशिया कप के अलावा ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले 3 मैचों की वनडे और 3 मैचों की टी-20 सीरीज श्रीलंका में खेलना है। बीसीसीआई की नजर है कि इन सभी को देखते हुए कैसे आईपीएल शेड्यूल किया जा सकता है।

एक सूत्र ने कहा, '2009 का आईपीएल साउथ अफ्रीका में 37 दिनों में खेला गया था। यह टूर्नमेंट 5 सप्ताह और दो दिन में खत्म हो गया था। अगर स्लॉट मिलता है तो आईपीएल के कुछ मैच भारत और कुछ मैच बाहर खेले जा सकते हैं या फिर टूनार्मेंट को पूरी तरह से बाहर भी कराया जा सकता है। यह देखना होगा कि कोरोना वायरस संक्रमण की दुनिया में क्या स्थिति है।'

# आईसीसी पैनल में 2 भारतीय महिला अंपायर शामिल



**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अंपायरों की डिवेलपमेंट पैनल में भारत की दो महिला अंपायरों जनानी नारायणन और वृंदा राठी को बुधवार को शामिल किया गया। इससे अब आईसीसी में महिला अंपायरों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। 34 साल की नारायणन 2018 से ही घरेलू टूर्नमेंटों में अंपायरिंग करती आ रही हैं।

नारायणन ने कहा, 'यह जानकर बहुत अच्छा लगता है कि वृंदा और मुझे आईसीसी के डिवेलपमेंट पैनल में शामिल किया गया है। यह मुझे मैदान पर सीनियरों से सीखने और आने वाले वर्षों में खुद में सुधार करने का मौका देता है। 90 के दशक के बाद से ही क्रिकेट मेरी दिनचर्या का हिस्सा बन गया है और मैं उच्च स्तर पर इस खेल से जुड़ा रहना चाहती हूं।' वहीं, 31 साल की राठी ने करियर की शुरूआत स्कोरर के रूप में की थी और बाद में अंपायर बन गईं। राठी भी 2018 के बाद से ही घरेलू टूर्नमेंटों में अंपायरिंग कर रही हैं। राठी ने कहा, 'मुझे लगता है कि आईसीसी के डिवेलपमेंट पैनल में मेरा नाम होना मेरे लिए गर्व की बात है क्योंकि इससे मेरे लिए नए रास्ते खुल गए हैं। मुझे यकीन है कि मुझे पैनल के अन्य सदस्यों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।'

उन्होंने कहा, 'मैंने क्रिकेट खेला और स्कोरर के रूप में भी काम किया है। यह मेरे लिए एक स्वाभाविक प्रगति थी और जिस तरह से चीजें सामने आई हैं उससे मैं खुश हूं।'

# अब एमएस धोनी के कमबैक का क्या होगा?

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी लगातार अपने पांव पसार रही है। दुनियाभर में खेलों के टूर्नमेंट या तो रद्द हो रहे हैं या तो स्थगित हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही संकट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) पर दिखाई दे रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस टूर्नमेंट को 29 मार्च से 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। तमाम चचाओं के बीच फिलहाल आईपीएल पर



कोई रास्ता बनता नहीं दिख रहा है। अगर यह टूर्नमेंट नहीं होता है और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप आयोजित होता है तो सवाल उठता है कि पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी का क्या होगा? क्या उनकी टीम इंडिया में वापसी होगी या नहीं? दरअसल, दुनियाभर के क्रिकेट फैन्स की निगाहें धोनी की वापसी के लिए आईपीएल पर लगी थीं। कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री ने भी कहा था कि धोनी की वापसी पर आईपीएल तक इंतजार करना चाहिए। दूसरी ओर, वीरेंदर सहवाग ने कहा था कि अब टीम में बदलाव की जरूरत नहीं है।

शास्त्री ने अपने बयान में कहा था, धोनी खुद को टीम पर नहीं थोपते। धोनी निश्चित रूप से आईपीएल में खेलेंगे। इसके बाद हम देखेंगे कि धोनी का शरीर किस तरह उनका साथ दे रहा है। अगर वह अच्छा करेंगे तो वह टीम में वापसी कर सकते हैं। रवि शास्त्री ने कहा था, 'यह निर्भर करता है कि वह कब खेलना शुरू करते हैं और आईपीएल में कैसा खेलते हैं।

## कोरोना वायरस: मुश्किल में पड़ीं दुती चंद, ओलिंपिक खेलने की उम्मीदों को लगा झटका




**नई दिल्ली।** भारत की फरार्टा क्वीन दुती चंद के लिए ओलिंपिक्स का टिकट कटाना मुश्किल हो गया है क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण वह जर्मनी में अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पा रही हैं। दुती को जर्मनी में दो मार्च से ओलिंपिक्स क्वॉलिफायर्स में भाग लेना था, लेकिन वीजा और प्रायोजन मिलने के बावजूद वह कोरोना वायरस के कारण नहीं जा सकीं।

दुती ने कहा, ह्यमुझे जर्मनी में दो मार्च से प्रतिस्पर्धा में भाग लेना था। मुझे यूरोप में कुछ अच्छी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना था ताकि ओलिंपिक्स के लिए क्वॉलिफाइ कर सकूं लेकिन कोरोना वायरस के कारण मेरी योजनाओं पर पानी फिर गया।'

उन्होंने कहा, 'मैंने वीजा और बाकी यात्रा दस्तावेज बना लिए थे और मैं जर्मनी जाने को तैयार थी कि मुझे वहां से संदेश मिला कि कोरोना वायरस के कारण मैं वहां नहीं आऊं। मैं बहुत निराश हूं।

## वर्ल्ड कप विनर मातउइदी और जकागनी कोरोनो वायरस से पीड़ित

**रोम।** वर्ल्ड कप विनिंग फ्रांस टीम के सदस्य रहे इटली के फुटबॉल क्लब जुवेंतस के ब्लेस मातउइदी क्लब के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिनका कोरोना वायरस का टेस्ट पॉजिटिव आया है। सेरी-ए क्लब ने एक बयान में कहा है कि फ्रांस के इस खिलाड़ी ने 11 मार्च से ही अपने आप को सभी से अलग कर लिया था। उनके अलावा मतिया जकागनी भी वायरस से पॉजिटिव पाए गए हैं।

2017 में क्लब के साथ जुड़ने वाले इस खिलाड़ी ने जुवेंतस के लिए इस सीजन में 31 मैच खेले हैं और एक गोल के अलावा दो गोल में मदद की है। उनसे पहले डिफेंडर डेनिएल रुगानी की भी कोरोनावायरस की जांच पॉजिटिव आई थी। दूसरी ओर, इस क्लब के स्टार स्ट्राकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने वायरस से बचने के लिए खुद को आइसोलेशन में रखा है।

## स्पेनिश फुटबॉल क्लब अल्वेस एफसी के 15 सदस्यों का कोरोना वायरस टेस्ट पॉजिटिव



**नई दिल्ली।** स्पेनिश फुटबॉल टीम अल्वेस एफसी ने बुधवार को पुष्टि की कि क्लब के 15 लोगों का कोरोना वायरस टेस्ट पॉजिटिव आया है। जिसमें तीन टीम के पहले खिलाड़ी शामिल हैं। अल्वेस ने कहा कि ला लीगा क्लब के कोचिंग स्टाफ के सात सदस्यों और पांच अन्य कर्मचारियों का भी टेस्ट सकारात्मक पाया गया है। क्लब ने एक बयान में कहा गया है कि हमने जिम्मेदारी लेते हुए उन लोगों का परीक्षण करने का निर्णय लिया, जो हमारे साथ जुड़े हैं और हमारे परिवार का हिस्सा हैं। टेस्ट ही इस मामले का तत्काल पता लगाने और निवारक उपाय है। हमारी कोशिश हैं कि जहां तक संभव हो हम संक्रमण ना फैलने दें। इटली के बाद, यूरोप में कोरोनो वायरस से स्पेन सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।



• दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





## सलमान के साथ काम करने के लिए पूजा हेगड़े ने मांगी 4 गुना ज्यादा फीस

पूजा हेगड़े का फिल्मी करियर इन दिनों बुलंदियों पर है। 'हाउसफुल 4' और अलू अर्जुन के साथ 'अला बैकुंठपुरामुलु' के जरिए उन्होंने लगातार दो हिट फिल्में दी हैं। इसके बाद उन्होंने सलमान खान के साथ एक बड़ा प्रोजेक्ट भी हाथ लगा है। पूजा सलमान खान के साथ साजिद नडियाडवाला की फिल्म 'कभी ईद कभी दिवाली' में नजर आएंगी। बॉलीवुड हंगामा में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म में कास्ट होने के लिए पूजा ने अपनी मौजूदा फीस से चार गुना फीस मांगी। पूजा की इस डिमांड को मेकर्स ने मान लिया है और उन्हें मौजूदा फीस से चार गुना ज्यादा फीस दी जा रही है। एक सूत्र ने कहा, एंटरटेनमेंट मार्केट सक्सेस के भरोसे चलता है और अगर सक्सेस के बाद एक्टर्स अगर फीस बढ़ा सकते हैं तो एक्ट्रेसेस क्यों नहीं? पूजा की अगली फिल्म बाहुबली स्टार प्रभास के साथ है जिसका नाम 'जान' है। इस फिल्म की शूटिंग पिछले कुछ दिनों से जॉर्जिया में चल रही थी जो कि अब खत्म हो चुकी है और पूजा जल्द ही इंडिया लौट आएंगी।

## फैमिली और अरबाज के बीच रिश्ते पर बोलीं मलाइका अरोड़ा



**लोगों** को लगता है कि तलाक होने के बाद सिर्फ पति-पत्नी ही नहीं बल्कि उनके परिवारों से जुड़े सारे रिश्ते टूट जाते हैं, लेकिन मलाइका अरोड़ा के साथ ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मलाइका अपने पति अरबाज से 2017 में कानूनी तौर पर अलग हो चुके हैं लेकिन उनका मानना है कि भले ही दोनों ने अपनी शादी खत्म करने का फैसला लिया है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अरबाज उनके परिवार के लिए अचानक से अजनबी हो जाएंगे। वह अभी भी उनके परिवार के सदस्य हैं और भले ही उन दोनों के बीच कुछ भी हुआ वह हमेशा उनके परिवार का हिस्सा रहेंगे। हाल ही में मलाइका ने अपनी बहन के साथ दिए गए एक इंटरव्यू में तलाक के बाद जो कुछ हुआ उसके बारे में विस्तार से बताया। अरबाज से नजदीकी के बारे में जब उनकी बहन अमृता से पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया, मुझे समझ नहीं आता कि बदलाव क्यों आना चाहिए। इस पर मलाइका ने भी कहा कि रिश्ते रातभर में नहीं बन जाते, इन्हें बनने में वक्त लगता है। वे हर किसी के लिए बहुत-बहुत स्पेशल और पर्सनल होते हैं। ये कोई गांठ नहीं है जिसे आप खोल देंगे। मलाइका कहती हैं कि अमृता और अरबाज के बीच अपनी समझ है। उन्होंने अपना रिश्ता बनाए रखा है इसके लिए वे स्वतंत्र हैं। मेरी बहन ने रिश्ता बनाकर रखा है, मेरी सास ने इसे मेनटेन करके रखा है। अरबाज उनके लिए सिर्फ ऐसे ही कोई नहीं है जिसे वे सिर्फ जानते हैं। वह उनके लिए बेटे की तरह हैं, वह उनके लिए दोस्त की तरह हैं, परिवार की तरह हैं। आखिरकार वह मेरे बेटे के पिता हैं। इसलिए कुछ चीजें हैं जो कभी बदल नहीं सकतीं और मुझे लगता है कि ऐसा ही होना चाहिए।

## 'मुंबई सागा' में जॉन संग रोमांस करेंगी काजल





**आखिरकार** ऐक्टर जॉन अब्राहम को अपनी अगली फिल्म के लिए लीड हिरोइन मिल ही गई। हम बात कर रहे हैं संजय गुप्ता की आने वाली फिल्म 'मुंबई सागा' की, जिसमें जॉन लीड रोल में हैं। काफी वक्त से जॉन के ऑपोजिट एक हिरोइन की तलाश चल रही थी। यह तलाश अब ऐक्ट्रेस काजल अग्रवाल के रूप में जाकर पूरी हुई है। काजल अजय देवगन के साथ फिल्म 'सिंघम' में काम कर चुकी हैं और उसमें उन्हें काफी पसंद किया गया था। संजय गुप्ता ने कन्फर्म किया कि उन्होंने अपनी फिल्म के लिए काजल को साइन कर लिया है। उन्होंने कहा, मेरी गैंग्स्टर फिल्मों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उनमें फीमेल किरदार भी काफी मजबूत होते हैं। कैरेक्टर शुरूआत मे जॉन की गर्लफ्रेंड का है, जो बाद में उसकी वाइफ बन जाती है। इसलिए मुझे एक ऐसी ऐक्ट्रेस की तलाश थी जो 17 साल की कॉलेज जाने वाली लड़की का रोल निभा सके, एक वाइफ का रोल भी प्ले कर सके और फिर 30 साल की उम्र में एक मजबूत महिला का किरदार बखूबी निभा सके। मुझे काजल का काम काफी पसंद है। वह बेहद खूबसूरत हैं और स्क्रीन पर भी अच्छी लगती हैं। मुझे खुशी है कि इस फिल्म में हम साथ काम कर रहे हैं।